# गद्य भाग

## 1 सुजान भगत

**Knowledge Based 1 Marker** -प्रेमचंद

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिख़िए :**

1. सीधे-सादे किसान धन आते ही किस ओर झुकते हैं ?
2. तीन वर्ष लगातार कौन-सी फसल लगती गयी ?
3. कानूनगो इलाके में आते तो किसके चौपाल में ठहरते ?
4. सुजान ने गाँव में क्या बनवाया ?
5. सुजान की पत्नी का नाम क्या है ?
6. सत्कार्य में बाधा डालने से क्या बिगड़ता है ?
7. सुजान के बड़े बेटे का नाम लिखिए ?
8. सुजान के छोटे बेटे का नाम क्या है ?
9. भगत बनने के बाद सबसे बड़ी बात क्या है ?
10. कौन द्वार पर आकर चिल्लाने लगा ?
11. बुढ़ापे में आदमी की क्या मारी जाती है ?
12. सुजान के हाथों से धीरे-धीरे क्या छीने जाने लगे ?
13. घर में किसका राज होता है ?
14. कटिया का ढेर देखकर कौन दंग रह गयी ?
15. शंकर क्या भरकर लाया ?
16. सुजान की गोद में सर रखे किन्हें अकथनीय सुख मिल रहा था ?
17. सुजान ने रुपये-पैसे का लेन-देन किसके हाथ में दे रखा था ?
18. सुजान को कितने महीने के अविरल परिश्रम से फल मिला ?
19. भिक्षुक के गाँव का नाम लिखिए |
20. किसने भोला को परास्त कर दिया था ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. सुजान महतो की संपत्ति बढ़ी तो क्या करने लगा ?
2. भगतों के आचार-विचार कैसे होते हैं ?
3. सुजान ने भिक्षुक को क्या देना चाहा और उसका परिणाम क्या हुआ?
4. घर में सुजान भगत का अनादर कैसे हुआ ?
5. सुजान भगत पेड़ के नीचे बैठ कर क्या सोचता है ?
6. सुजान भगत को सबसे अधिक क्रोध बुलाकी पर क्यों आता है ?
7. चैत के महीने में खलिहानों में सतयुग के राज का वर्णन कीजिए |
8. सुजान भगत भिक्षुक को कैसे संतुष्ट करता है ?
9. सुजान भगत अपना खोया हुआ अधिकार फिर कैसे प्राप्त करता है ?

**Comprehension based 1 Marker**

**II अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

1. "धरम के नाम में मीन-मेष निकालना अच्छा नहीं |"
2. "दिन भर एक न एक खुचड़ निकालते रहते हैं |"
3. "आधी रोटी खाओ, भगवान का भजन करो और पड़े रहो |"
4. "क्रोधी तो सदा के हैं | अब किसी की सुनेंगे थोड़े ही |"
5. "मैं सँझा को डांड फेंक दूँगा| "
6. "बाबा इतना मुझसे उठ न सकेगा |"
7. "अच्छा ,बताओ किस गाँव में रहते हो? "

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. "भगवान की इच्छा होगी तो फिर रुपये हो जायेंगे| उनके यहाँ किस बात की कमी है |"
2. "अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गये कि कोई काम ही न कर सकें |"
3. "कहाँ आटा रखा है ,लाओ ,मैं ही निकालकर दे आऊँ | तुम रानी बनकर बैठो| "
4. "आदमी को चाहिए कि जैसा समय देखे वैसा काम करे |"
5. "अब तक जिस घर में राज्य किया, उसी घर में पराधीन बनकर नहीं रह सकता |"
6. "अच्छा, तुम्हारे सामने यह ढेर है | इसमें से जितना अनाज उठाकर ले जा सको, ले जाओ |"

## 2 कर्तव्य और सत्यता

**Knowledge based 1 Marker** डॉ .श्यामसुंदर दास

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिख़िए:**

1. हम लोगों का परम धर्म क्या है ?
2. कर्तव्य करने का आरम्भ पहले कहाँ से शुरू होता है ?
3. कर्तव्य किस पर निर्भर है ?
4. कर्तव्य करने से क्या बढ़ता है ?
5. धर्म-पालन करने में सबसे अधिक बाधा क्या है ?
6. मन ज्यादा देर तक दुविधा में पड़ा रहा तो क्या आ घेरेगी ?
7. कर्तव्य पालन और सत्यता में कैसा संबंध है ?
8. झूठ बोलने का परिणाम क्या होगा ?
9. बहुत-से लोग नीति और आवश्यकता के बहाने किस की रक्षा करते हैं?
10. किसे सबसे ऊँचा स्थान देना उचित है ?
11. जो मनुष्य सत्य बोलता है, वह किससे दूर भागता है ?
12. किनसे सभी घृणा करते हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. घर और समाज में मनुष्य का जीवन किन-किन के प्रति कर्तव्यों से भरा पड़ा है ?
2. मन की शक्ति कैसी है ?
3. धर्म-पालन करने के मार्ग में क्या-क्या अड़चन आते हैं ?
4. अंग्रेजी-जहाज बीच समुद्र में डूबते समय पुरुषों ने कैसे अपना धर्म निभाया ?
5. झूठ की उत्पत्ति और उसके कई रूपों के बारे में लिखिए |
6. मनुष्य का परम धर्म क्या है ? उसकी रक्षा कैसी करनी चाहिए ?
7. 'कर्तव्य पालन और सत्यता के बीच घनिष्ठ सम्बन्ध है |' कैसे? स्पष्ट कीजिए |

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. "जिधर देखो उधर कर्तव्य ही कर्तव्य देख पड़ते है |"
2. "कर्तव्य करना न्याय पर निर्भर है |"
3. "इसलिए हमारा यह धर्म है कि हमारी आत्मा हमें जो कहे, उसके अनुसार हम करें |"
4. "इसी प्रकार जो लोग स्वार्थी होकर अपने कर्तव्य पर ध्यान नहीं देते, वे संसार में लज्जित होते हैं और सब लोग उनसे घृणा करते हैं |"
5. "सत्य बोलने ही से समाज में हमारा सम्मान हो सकेगा और हम आनंदपूर्वक हमारा समय बिता सकेंगे |"

## 3 गंगा मैया से साक्षात्कार

**Knowledge based 1 Marker** -डॉ .बरसाने लाल चतुर्वेदी

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. लेखक ने किनसे साक्षात्कार लिया है ?
2. लेखक मकर-संक्रांति के दिन कहाँ थे ?
3. माँ कहाँ विराज रही थी ?
4. माँ के चहरे पर क्या थी ?
5. किसका संकट चर्चा का विषय बना हुआ है ?
6. गंगा मैया ने सत्य को क्या कहा है ?
7. किसका व्यापारीकरण हो रहा है ?
8. असली झगड़ा किसके बारे में हैं ?
9. मनुष्य के कुकर्मों पर कौन हँसने लगे हैं ?
10. गंगा मैया ने किसे सर्व शक्तिमान कहा है ?
11. पुन: उत्थान की किरणें कब फूटती हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. प्रदूषण के संबंध में गंगा मैया ने क्या कहा है ?
2. समाज में कौन-कौन-सी समस्याएँ बढ़ रही हैं ? संक्षेप में लिखिए|
3. गंगा मैया का कुर्सी से क्या अभिप्राय है ?

**Comprehension based 1 Marker**

**II अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

1. "चरित्र के अस्तित्व को किसने मिटाया ?"
2. "कारण अलग-अलग बताते हैं पर असली झगड़ा कुर्सी का है |"

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. "वत्स, देश का वातावरण ही जब प्रदूषित हो गया तब मैं कैसे बच सकती थी |"
2. "बेटा, शब्दकोशों में उसका नाम शेष है, उपदेशकों के प्रयोग में भी आ रहा है |"
3. "सेवाहि परमो धर्म' के स्थान पर लोग 'मेवाहि परमो धर्म' कहने लगे हैं |"
4. "एक बार जब ज़बान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता |"
5. "पतन की जब पराकाष्ठा हो जाती है तभी पुन: उत्थान की किरणें फूटती हैं |"

## 4 एक कहानी यह भी

**Knowledge based 1 Marker** -मन्नू भंडारी

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिख़िए:**

1. मन्नू भंडारी का जन्म किस गाँव में हुआ ?
2. अजमेर से पहले मन्नू के पिता कहाँ थे ?
3. अंग्रेजी-हिन्दी विषयवार शब्दकोश के अधूरे काम को किसने पूरा किया?
4. लेखिका की बड़ी बहन का नाम लिखिए |
5. पाँच भाई-बहनों में सबसे छोटी कौन है ?
6. महानगर के फ़्लैट में रहनेवाले लोग क्या भूल गए हैं ?
7. मन्नूभंडारी ने 'महाभोज' उपन्यास में किस पड़ोसी के व्यक्तित्व को अभिव्यक्त किया?
8. पिताजी का आग्रह क्या था ?
9. पिताजी रसोई घर को क्या कहते थे ?
10. मन्नू भंडारी को प्रभावित करनेवाली हिन्दी प्राध्यापिका का नाम लिखिए |
11. कॉलेज से किसका पत्र आया ?
12. पिताजी के अंतरंग मित्र का नाम लिखिए |
13. शताब्दी की सबसे बड़ी उपलब्धि क्या है ?
14. 'एक कहानी यह भी' की लेखिका कौन हैं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. मन्नू भंडारी के बचपन के बारे में लिखिए |
2. पिताजी के प्रति लेखिका के क्या विचार थे ?
3. लेखिका बचपन में कौन-कौन से खेल खेलती थीं ?
4. 'पडोस-कल्चर' के बारे में लेखिका क्या कहती हैं ?
5. शीला अग्रवाल का लेखिका पर क्या प्रभाव पड़ा ?
6. पिताजी ने रसोई को 'भटियारखाना' क्यों कहा है ?
7. एक दकियानूसी मित्र ने मन्नू भंडारी के पिता से क्या कहा ?
8. मन्नू भंडारी की माँ का परिचय दीजिए |

**Comprehension based 1 Marker**

**II अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

1. "लौटकर बहुत कुछ गुबार निकल जाए तब बुलाना |"
2. "सारे कॉलिज की लड़कियों पर इतना रौब है तेरा..."
3. "हमारे-आपके घरों की लडकियों को शोभा देता है यह सब |"
4. "बंद करो अब इस मन्नू का घर से बाहर निकलना |"
5. "आई एम रिअली प्राउड ऑफ यू |"
6. "यू हैव मिस्ड समथिंग |"

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. "एक ओर वे बेहद कोमल और संवेदनशील व्यक्ति थे तो दूसरी ओर बेहद क्रोधी और अहंवादी |"
2. "पिता के ठीक विपरीत थीं हमारी बेपढ़ी-लिखी माँ |"
3. "यह लड़की मुझे कहीं मुँह दिखाने लायक नहीं रखेगी |"
4. "वे बोलते जा रहे थे और पिताजी के चेहरे का संतोष धीरे-धीरे गर्व में बदलता जा रहा था |"
5. "क्या पिताजी को इस बात का बिलकुल भी अहसास नहीं था कि इन दोनों का रास्ता ही टकराहट का है ?"

## 5 भारतरत्न विश्वेश्वरय्या

**Knowledge based 1 Marker** -डॉ .बालशौरि रेड्डी

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. विश्वेश्वरय्या का पूरा नाम लिखिए |
2. विश्वेश्वरय्या का जन्म कहाँ हुआ ?
3. विश्वेश्वरय्या ने बेंगलूर के किस कॉलेज से बी.ए. उत्तीर्ण किया ?
4. विश्वेश्वरय्या किसके बड़े पाबंद थे ?
5. विश्वेश्वरय्या किस उम्र में असिस्टेंट इंजिनियर के पद पर नियुक्त हुए ?
6. विश्वेश्वरय्या ने ३१ वर्ष की उम्र में कौन-सा बड़ा कार्य किया ?
7. विश्वेश्वरय्या ने किस बाँध के लिए ऑटोमैटिक गेटों का डिज़ाइन किया ?
8. विश्वेश्वरय्या को अदन से कब बुलावा आया ?
9. नौकरी से निवृत्त होने के बाद विश्वेश्वरय्या किस राज्य के सलाहकार के रूप में नियुक्त हुए ?
10. किस नदी में भयंकर बाढ़ आती थी ?
11. कावेरी नदी का बाँध किस नाम से मशहूर है ?
12. १९५५ में भारत सरकार ने विश्वेश्वरय्या को किस उपाधि से विभूषित किया ?
13. विश्वेश्वरय्या की मृत्यु कब हुई ?
14. विश्वेश्वरय्या का जन्म दिन किस नाम से मनाया जाता है ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. विश्वेश्वरय्या के बाल्य जीवन के बारे में लिखिए |
2. विश्वेश्वरय्या की शिक्षा के बारे में लिखिए |
3. विश्वेश्वरय्या की प्रसिद्धि तथा पदोन्नति देखकर कुछ इंजीनियर क्यों जलते थे ?
4. हैदराबाद के नवाब के सामने कौन-सी मुसीबत थी ? उसका समाधान विश्वेश्वरय्या ने कैसे किया ?
5. मैसूर राज्य के विकास में विश्वेश्वरय्या के योगदान के बारे में लिखिए |
6. विश्वेश्वरय्या के गुण-स्वभाव का परिचय दीजिए |

## 6 चीफ़ की दावत

**Knowledge based 1 Marker** -डॉ .भीष्म साहनी

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. चीफ़ की दावत किसके घर पर थी ?
2. शामनाथ की पत्नी ने माँ को कहाँ भेजने के लिए कहा ?
3. शामनाथ माँ को कौन-से रंग के शलवार-कमीज़ पहनने के लिए कहते हैं ?
4. माँ के सब ज़ेवर क्यों बिक गए थे ?
5. माँ क्या टाल नहीं सकती थी ?
6. मेम साहब को क्या पसंद आये थे ?
7. सभी देसी स्त्रियों की आराधना का केंद्र कौन बनी हुई थी ?
8. माँ क्या गाने लगी ?
9. किसने पार्टी में नया रंग भर दिया था ?
10. चीफ़ साहब बड़ी रूचि से किसे देखने लगे ?
11. चीफ़ साहब की खुशामद करने से शामनाथ को क्या लाभ हो सकता था ?
12. माँ मन ही मन किसके उज्जवल-भविष्य की कामनाएँ करने लगीं ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी ने चीफ़ की दावत के लिए सुबह से क्या-क्या तैयारियाँ कीं ?
2. शामनाथ और उनकी धर्मपत्नी माँ को लेकर क्यों चिंतित थे ?
3. चीफ़ की दावत के समय माँ की मनोदशा का वर्णन कीजिए |
4. बरामदे में पहुँचते ही शामनाथ क्यों ठिठक गये?
5. चीफ़ और माँ की मुलाकात का वर्णन कीजिए |
6. माँ को आलिंगन में भरकर शामनाथ ने क्या कहा ?
7. चीफ़ साहब पर टिप्पणी लिखिए|
8. शामनाथ की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए|
9. शामनाथ की माँ के स्वाभाविक गुणों का परिचय दीजिए|

**Comprehension based 1 Marker**

**II अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

1. "माँ का क्या होगा |"
2. "जो वह सो गयीं और नींद में खर्राटे लेने लगीं, तो?"
3. "आज तुम खाना जल्दी खा लेना |"
4. "जब से बीमारी से उठी हूँ नाक से साँस नहीं ले सकती |"
5. "सच? मुझे गाँव के लोग बहुत पसंद हैं |"
6. "वह ज़रूर बना देंगी | आप उसे देखकर खुश होंगे |"

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. "इन्हें पिछवाड़े इनकी सहेली के घर भेज दो |"
2. "चूड़ियाँ कहाँ से लाऊँ बेटा, तुम तो जानते हो, सब ज़ेवर तुम्हारी पढ़ाई में बिक गए |"
3. "मेरी माँ गाँव की रहनेवाली हैं | उमर-भर गाँव में रही हैं |"
4. "क्यों, माँ, साहब को फुलकारी बहुत पसंद है, इन्हें ऐसी एक फुलकारी बना दोगी न |"
5. "ओ अम्मी ! तुमने तो आज रंग ला दिया |"
6. "जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी ?"
7. "तो मैं बना दूँगी, बेटा, जैसे बन पड़ेगा, बना दूँगी |"

## 7 भोलाराम का जीव

**Knowledge based 1 Marker** -हरिशंकर परसाई

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिखिए :**

1. स्वर्ग या नरक में निवास स्थान 'अलॉट' करने वाले कौन हैं ?
2. भोलाराम के जीव ने कितने दिनों पहले देह त्यागी ?
3. भोलाराम का जीव किसे चकमा दे गया ?
4. यमदूत ने सारा ब्रह्माण्ड किसकी खोज में छान डाला ?
5. भोलाराम किस शहर का निवासी था ?
6. भोलाराम को पाँच साल से क्या नहीं मिला ?
7. नारद जी भोलाराम की पत्नी से विदा लेकर कहाँ पहुँचे ?
8. भोलाराम ने दरख्वास्त पर क्या नहीं रखा था ?
9. बड़े साहब के कमरे के बाहर कौन ऊँघ रहा था ?
10. बड़े साहब की लड़की क्या सीखती है ?
11. नारद क्या छिनते देख घबराये ?
12. फ़ाइल में से किसकी आवाज़ आयी ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. चित्रगुप्त ने धर्मराज से क्या कहा ?
2. यमदूत ने हाथ जोड़कर चित्रगुप्त से क्या विनती की ?
3. नरक में निवास स्थान की समस्या कैसे हल हुई ?
4. भोलाराम का परिचय दीजिए |
5. भोलाराम की पत्नी ने नारद से भोलाराम के संबंध में क्या कहा ?
6. भोलाराम की पत्नी ने नारद से क्या विनती की ?
7. बड़े साहब ने नारद से दफ़्तरों के रीति-रिवाज़ के बारे में क्या कहा ?
8. नारद आखिर भोलाराम का पता कैसे लगाते हैं ?

**Comprehension based 1 Marker**

**II अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

1. "महाराज, रिकार्ड सब ठीक है |"
2. "भोलाराम का जीव कहाँ है ?"
3. "महाराज, मेरी सावधानी में बिलकुल कसर नहीं थी |"
4. "क्यों धर्मराज, कैसे चिंतित बैठे हैं ?"
5. "इनकम होती तो टैक्स होता | भुखमरा था |"
6. "मुझे भिक्षा नहीं चाहिए, मुझे भोलाराम के बारे में कुछ पूछ-ताछ करनी है |"
7. "गरीबी की बीमारी थी |"
8. "आप साधु हैं, आपको दुनियादारी समझ में नहीं आती |"

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए:**

1. "पर ऐसा कभी नहीं हुआ था |"
2. "आज तक मैंने धोखा नहीं खाया था, पर भोलाराम का जीव मुझे चकमा दे गया |"
3. "इन पाँच दिनों में मैंने सारा ब्रह्माण्ड छान डाला, पर उसका कहीं पता नहीं चला |"
4. "चिंता में घुलते-घुलते और भूखे मरते-मरते उन्होंने दम तोड़ दिया |"
5. "साधु-संतों की वीणा से तो और अच्छे स्वर निकलते हैं |"
6. "पेंशन का ऑर्डर आ गया ?"

## 8 यात्रा जापान की

-ममता कालिया

**Knowledge based 1 Marker**

**I अ एक शब्द या वाक्यांश या वाक्य में उत्तर लिख़िए :**

1. लेखिका जापान किस हेतु गई थीं ?
2. एयर इंडिया की उड़ान कितने मिनट विलम्ब से चली ?
3. लेखिका और उनके साथी तोक्यो में किस होटल में ठहरे ?
4. जापान के होटलों का रिवाज़ क्या है ?
5. जापान का गुण-धर्म क्या है ?
6. लेखिका और उनके साथियों के पथ-प्रदर्शक कौन थे ?
7. 'तोक्यो यूनिवर्सिटी ऑफ़ फ़ॉरेन स्टडीज़' के निदेशक कौन हैं?
8. पुस्तकालय से बाहर निकलते समय अलार्म क्या जताता है?
9. लेखिका ने किसे अनुशासन प्रिय कहा है ?
10. 'शिन्कान्सेन' का शाब्दिक अर्थ क्या है ?
11. 'स्टेशन' को जापानी भाषा में क्या कहते हैं?
12. 'पानी' के लिए जापानी भाषा में कौन-सा शब्द है ?
13. 'ओके' को जापानी भाषा में क्या कहते हैं?
14. 'स्लम डॉग मिलियनेर' फिल्म किसकी पुस्तक के आधार पर बनी है ?
15. 'नारा' का प्रसिद्ध मंदिर कौन-सा है ?
16. गौतम बुद्ध को जापानी भाषा में क्या कहते हैं ?
17. नारा मंदिर में बुद्ध प्रतिमा की ऊँचाई कितनी है ?
18. एक ज़माने में कौन-सा शहर जापान की राजधानी हुआ करता था ?

**Comprehension based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए :**

1. जापान के भारतीय रेस्तराँ 'कलकत्ता' का वर्णन कीजिए |
2. जापान के रेलवे स्टेशन और रेल यात्रा के बारे में लेखिका क्या कहती हैं ?
3. 'टफ्स' के पुस्तकालय के बारे में लिखिए |
4. जापान के 'बुलेट-ट्रेन' पर टिप्पणी लिखिए |
5. ओसाका के किले का चित्रण कीजिए |
6. 'तोदायजी मंदिर' का वर्णन कीजिए |
7. जापान के 'हिरन-वन' के बारे में लिखिए |
8. अंतर्राष्ट्रीय हिन्दी सम्मलेन के बारे में लेखिका के क्या विचार हैं ?
9. जापान में हिन्दी के प्रभाव-प्रसार पर टिप्पणी लिखिए |

**Comprehension based 1 Marker**

**II अ निम्नलिखित वाक्य किसने किससे कहे ?**

1. "वह देखिये फूजी पर्वत |"
2. "बताइये, गटापार्चा क्या होता है |"
3. "हफ़्ते भर तक यही खाऊँगा और क्या ?"

**Expression based 3 Marker**

**आ निम्नलिखित का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए :**

1. "यहाँ टिकट खाँचे में डाल कर जल्द अंदर घुसो, उस पार जाकर अपनी टिकट उठा लो |"
2. "यहाँ तो डेंटिस्ट मक्खी मारते होंगे |"
3. "इनकी हर मंजिल पर इतनी जगह जानबूझकर छोड़ी गई है जो भूकम्प के धक्के सह सके |"
4. "यहाँ प्रकृति की तूलिका में सात से अधिक रंग दिखाई दे रहे हैं |"
5. "यह किला जापानी संघर्षधर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है |"

****************